हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 4 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 20 .0 डिग्री

13 इंडस स्कूल ने हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया



13 महिला पुलिस ने कॉलेज की छात्राओं को किया जागरूक



## खबर संक्षेप

### मंदिर आई महिला के गले से चेन तोडी

**जींद।** कालवन शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करने आई महिला के गले से अज्ञात ने भीड़ का फायदा उठा कर सोने की चेन तोड़ ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ छीना झपटी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टोहाना निवासी दया राम ने पुलिस को बताया कि वह पत्नी के साथ गांव कालवन मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आया हुआ था।

### सड़क हादसें में एक की मौत, एक घायल

**कैथल।** दो अलग-अलग स्थानों सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। मामले में बाउपुर के कृष्ण ने चीका थाना में शिकायत दी कि दो को दोपहर के समय उसका 45 वर्षीय पिता दाना राम बाउपुर से चीका रोड पर जा रहा था। जब वह घग्गर पुल के नजदीक पहुंचा तो अज्ञात ऑटो चालक ने लापरवाही से ऑटो चलाते हुए उसके पिता को टक्कर मार दी।

### मालिक के जागने पर 3 पशु छोड़कर चोर फरार

**जींद।** गांव ढाकल में बीती रात चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर तीन भैंस चोरी करने की कोशिश की। चोरों को भनक लगने पर मालिक ने शोर मचाया तो चोर भैंसों को छोड़ कर फरार हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ढाकल निवासी प्रदीप ने पुलिस को शिकायत दी है।

### पूर्व सैनिकों की मासिक मीटिंग सात अप्रैल को

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की मासिक मीटिंग 7 अप्रैल 2024 दिन रविवार प्रातः 9:00 बजे हनुमान वाटिका नजदीक नया बस अड्डा कैथल में होगी। मीटिंग के दौरान प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 तक फ्री जरनल मेडिकल चेकअप शिवर का भी आयोजन किया जाएगा।

### शहीद की याद में रक्तदान कैंप 6 को

**सफीदों।** भारतीय जल सेवा के आधुनिक समुद्री जहाज सचेत में पिछले वर्ष शहीद हो गए भारतीय जल सेना (तटरक्षक) के नायब सूबेदार प्रमोद भोला की याद में पैतृक गांव सफीदों के बहादुरगढ़ में छह अप्रैल को विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सफीदों पंचायत समिति के सदस्य, इस गांव के मदन की अध्यक्षता में बैरागी चौपाल में आयोजित किए जा रहे शिविर में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुभाष ढ़िगाना मौजूद रहेंगे।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**कैथल।** शहर की एक कालोनी की बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में चौकी अनाज मंडी पुलिस के एएसआई जगबीर सिंह ने पीड़िता के पति अमित व सास सुशीला दोनों निवासी कुतुब विहार फेज-2 दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 26 मार्च 2018 को अमित उपरोक्त के साथ हुई थी।

### युवती को फुसलाकर ले गए दो आरोपित

**कैथल।** दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपी शादी का झांसा देकर दो युवतियों को बहला-फुसलाकर घर से ले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में चीका थाना के तहत आने वाले एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि 31 मार्च को आरोपी गोपाल उसकी 18 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर फुसलाकर ले गया।

### मकान से गहने और नकदी चोरी, केस दर्ज

**कैथल।** चोर मकान से गहने और नकदी व ऑयल मिल से बिजली का सामान चोरी कर ले गए। धर्मपाल ने शिकायत दी कि उसकी चंदाना में ऑयल मिल है। एक को अज्ञात उसकी मिल से आठ मोटर, चार स्टार्टर, कैमरे की डीवीआर व अन्य सामान चोरी कर ले गए।

## नारेबाजी कर मार्केट कमेटी सचिव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

# सरसों की खरीद पर ढाई प्रतिशत आढ़त की मांग को लेकर प्रदर्शन

### प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/उचाना

जींद व उचाना की अनाज मंडियों में बुधवार को आढ़तियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आढ़ती वैल्फेयर एसोसिएशन के बैनर तले अनाज मंडी में प्रदर्शन किया और नारेबाजी कर मार्केट कमेटी सचिव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। आढ़ती एसोसिएशन प्रधान राजेश गोस्वामी ने कहा कि सरकार द्वारा उनकी आढ़त में कटौती कर अढाई प्रतिशत से भी काफी कम देने व सरसों की एमएसपी पर खरीद उनके माध्यम से न करने पर रोष व्यक्त किया। बैठक में आढ़तियों ने हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल द्वारा उनकी मांगों के समर्थन में पांच दिवसीय हड़ताल का समर्थन किया और मंडी में दो घंटे की हड़ताल रख सरकार विरोधी प्रदर्शन कर धरना देने का फैसला लिया। इसके बाद आढ़ती वैल्फेयर एसोसिएशन के सभी आढ़ती यहां से प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे। जहां आढ़तियों ने कार्यालय प्रांगण में पार्किंग शेड के नीचे बैठकर धरना दिया और सरकार विरोधी नारेबाजी जारी रखी। इसी बीच मार्कीट कमेटी सचिव संजीव कुमार उनके मध्य पहुंचे और आढ़तियों की मांगों को सुन कर मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम ज्ञापन पत्र स्वीकार किया। इसके साथ ही सचिव ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वो उनका ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचा दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व प्रधान रमेश सांगवान, बलवान रेढ़ू, महाबीर जागलान, राजेश कालकंधा, संजय उर्फ राजा कागसरिया, मनोज लाठर, राकेश भारद्वाज, आशीष ढांडा सहित अनेक आढ़ती मौजूद रहे। उचाना में आढ़ती सरसों की खरीद पर आढ़त देने के साथ-साथ एमएसपी पर खरीदी जाने वाली फसलों की अढाई प्रतिशत आढ़त देने की मांग को लेकर धरने पर है। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मार्केट कमेटी सचिव के माध्यम से सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।



जींद। मार्केट कमेटी सचिव कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते आढ़ती।



जींद। पुरानी मंडी में धरने पर बैठे आढ़ती। फोटो :हरिभूमि

#### कार्रवाई की गई

पांच अप्रैल के बाद जो प्रदेश आढ़ती एसोसिएशन फैसले लेंगी उसके अनुरूप आढ़ती धरना, प्रदर्शन करेंगे। पेगां ने कहा कि आढ़ती अपनी मांगों को लेकर आज संगठित है। अपने हक की लड़ाई में आढ़ती पीछे नहीं हटेगा। सरकार की मंशा शुरू से ही आढ़तियों को व्यापारी दृष्टि से समाप्त करने की रही है। आढ़ती अपनी मजदूरी के रूप में ढाई प्रतिशत आढ़त की मांग कर रहे है। निरंतर आढ़त को सरकार कम कर रही है। सरसों पर आढ़ती को आढ़त सरकार नहीं देती है। सरकार की मंशा पूरी तरह से आढ़ती विरोधी है।

#### पांच तक प्रदर्शन का ऐलान

सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष भी प्रकट किया गया। धरने की अध्यक्षता आढ़ती दलबीर श्योकंद, राजेंद्र बुडायन ने की। मंडी प्रधान सत्यवान पेगां, रामनिवास करसिंधु ने बताया कि सरकार की तरफ से आढ़तियों की मांग को पूरा नहीं किया जा रहा है। सरसों की फसल में भी आढ़तियों की ढाई प्रतिशत तक आढ़त देने की मांग है, लेकिन वह नहीं दी। अब गेहूं की सरकारी खरीद में भी पूरी आढ़त नहीं दी जा रही है। यदि उनकी मांग सरकार ने नहीं मानी तो पांच अप्रैल तक ऐसे ही मंडी में दो घंटे तक प्रदर्शन करेंगे।

## आढ़ती एसोसिएशन के आह्वान पर चीका मंडी में सांकेतिक हड़ताल

■ मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के आह्वान पर चीका अनाज मंडी के आढ़तियों ने अपनी मांगों के समर्थन में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व पांच दिवसीय धरने के तीसरे दिन दो घंटे के लिए धरना दिया। मालूम रहे कि ऐसोसिएशन ने घोषणा की थी कि प्रदेश की सभी मंडियों में आढ़ती 1 अपैल से 5 अप्रैल तक पांच दिनों के लिए हर रोज दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल करेंगे और सरकार को उनकी मांगों को पूरा करने के लिए चेताया जाएगा। इस बीच यहां आढ़ती ऐसोसिएशन के एक वरिष्ठ सदस्य रहे राज कुमार जाखौली ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि अगर फिर भी सरकार उनकी मांगों पर संज्ञान नहीं लेती तो फिर आढ़ती आगामी चुनावों में वोट की चोट से सरकार को करारा जवाब देने से पीछे नहीं हटेंगे। जाखौली ने यह भी मांग की कि सरकार सीजन के दौरान पूरी आढ़त देने के साथ साथ पिछले वर्षों में दी गई कम आढ़त का भी तुरंत भुगतान करे। इस अवसर पर रूलदू राम प्रजापति, जय पाल गर्ग, सुखप्रीत सिंह शेरगिल, सुरेश प्रजापति व राम लाल गर्ग आदि भी मौजूद रहे।

### किसानों को नही आने दी जाएगी परेशानी

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि किसानों को गेहूं बेचने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। मंडी व खरीद केंद्रों पर आने वाली रबी फसल को सरकार की हिदायतानुसार खरीद करना सुनिश्चित किया जाएगा। रबी खरीद सीजन 2024-25 को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिले की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्र में सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए नोडल ऑफिसर लगाए गए हैं। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी एजैंसियों से तालमेल करते समय पर फसल खरीद एवं उसका उठान का कार्य समयबद्ध करवाएंगे, ताकि समूची खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रहे। इसके साथ ही नोडल अधिकारी किसानों की सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान करवाना भी सुनिश्चित करेंगे। एडीसी सी. जया श्रद्घा को कैथल जिले का ओवर ऑल इन्चार्ज लगाया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दी गई जिम्मेदारी का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करें। वहीं किसानों से भी अपील की है वे अपनी फसल को सही तरह से सुखाकर निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप ही मंड़ियों में लेकर आएं, ताकि किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। यह है मंडी अनुसार नोडल अधिकारी डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि कैथल पुरानी, नई व अतिरिक्त मंडी के लिए एसडीएम ब्रह्म प्रकाश, चीका मंडी के लिए एसडीएम कृष्ण कुमार, कलायत मंडी के लिए एसडीएम सत्यवान, पूंडरी मंडी के लिए जिला परिषद सीईओ अश्वनी मलिक तथा ढांड मंडी के लिए डीडीपीओ कंवर दमन को नोडल अधिकारी लगाया गया है।

## इनसो ने वीसी को सौंपा ज्ञापन

■ परीक्षाओं का रिजल्ट शीघ्र से शीघ्र घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित करने, टॉपर बच्चों के साथ भेदभाव करने सहित अनेक शिकायतों को लेकर इनसो कार्यकर्ताओं ने वीसी डा. रणपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के से मांग की विवि प्रशासन तानाशाही फैसलों को वापस लेते छात्र हित में काम करे। नसो गर्ल्स विंग कॉर्डिनेटर पूनम रेढ़ू, हिंदू कॉलेज की छात्राओं ने ज्ञापन से कहा कि विवि में पढ़ रहे कई बच्चों का परिणाम घोषित नही किया गया है। जिसके चलते उनके समक्ष कई समस्याएं खड़ी हो रही हैं। इसे लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है। विश्वविद्यालय व कॉलेज में पढ़ने वाले जो टॉपर बच्चे थे, उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है अच्छे पेपर बनने के बावजूद भी उन्हें पासिंग मार्क व रिपेयर दिखाया जा रहा है। इनसो निरंतर उनके दोबारा से रिजल्ट अपडेट के लिए मांग कर रहा है। युनिवर्सिटी प्रशासन बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने पर तुला है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा।



जींद। वीसी को ज्ञापन सौंपते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### कलायत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला 23 वर्षीय युवक का शव

**कैथल।** कलायत में बुधवार को बस स्टैंड के सामने वाली गली में संदिग्ध परिस्थितियों में एक 23 वर्षीय युवक का शव मिला है। युवक के मुंह से सफेद झाग निकले थे। युवक की पहचान कलायत के वार्ड नंबर 7 के शीनू के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस व फोरेंसिक विभाग की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल कैथल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह के समय किसानों को दुकान के निकट एक युवक का शव दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचे युवक के परिजनों ने उसकी पहचान की।

## वेतन की मांग को लेकर जताया रोष

■ चतुर्थ श्रेणी कर्मियों ने बीडीपीओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

दर्जनों गांवों से आए चौकीदार, ट्यूबवेल आप्रेटर व अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने खंड विकास एवं पंचायत विभाग के चीका स्थित कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहे सफाई कर्मचारी संघ के प्रधान नवाजा राम ने बताया कि प्रदर्शन कर रहे कर्मचारी बेहद ही गरीब परिवारों से हैं और इनकी आमदन का भी कोई दूसरा जरिया नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकारी ड्यूटी के चलते ये किसी ओर जगह मजदूरी भी नहीं कर सकते क्योंकि वेतन मिले या ना मिले, इन्हें हर रोज अपने काम पर तो आना ही पड़ता है। नवाजा राम ने कहा कि उक्त कर्मियों को चार महीनों से वेतन ना मिलने से इन्हें रोटियों के भी लाले पड़ गए हैं। दूसरा नया शैक्षणिक स्तर भी शुरू हो गया है और वेतन ना मिलने से बच्चों को स्कूलों में भी दाखिल नहीं करवा पा रहे हैं। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी गुहला समता ठाकुर ने बताया कि वे गुहला चीका में कुछ निजी कारणों से ड्यूटी देने में असमर्थ हैं और उन्हें संबंधित उच्च अधिकारियों को लिखा हुआ है कि गुहला में उनके स्थान पर किसी ओर अधिकारी की व्यवस्था कर दें।

### हर व्यक्ति को जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिएः मुनीश शर्मा

**पूंडरी।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला फरल में इको क्लब के माध्यम से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में जिला पार्षद मुनीश शर्मा ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापक तेजपाल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि मुनीश शर्मा ने स्कूल परिसर में पौधरोपण कर किया। शर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी तब तक देखरेख करनी चाहिए, जब तक वह पुरी तरह विकसित नहीं हो जाता है। पौधे हमारे जीवन रक्षक होते है। पौधों से ही हमारी पृथ्वी का संतुलन बना रहता है।

## कनाडा भेजने का झांसा देकर हड़प लिए 6. 60 लाख रुपये

■ पुलिस ने छह कबूतरबाजों के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कनाडा भेजने का झांसा देकर छह लाख 60 हजार रुपये हडपने का मामला सामने आया है। लंबे समय तक कनाडा ना भेजने पर जब राशि वापस मांगी तो आरोपितों ने लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। सदर थाना सफीदों पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कारखाना निवासी रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही सुखविंद्र ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ मिल कर कम खर्च पर गारंटी के साथ युवकों को विदेश भेजने का कार्य करता है। वह उसके दोस्त गांव अफताबगढ़ निवासी अमृत के पास ले गया। जिस पर दोनों ने गांव उरलाना कलां निवासी जसबीर से बात की। साथ ही बताया कि वह पक्का एजेंट है। जो सुलख्खन तथा उसकी पत्नी नीरज के साथ काम करता है। जिस पर उसने आरोपितों को असल दस्तावेज तथा 50 हजार रुपये की नगदी दे दी।

## सिंघपुरा में पशु चोरों का आतंक

■ चोर तीन स्थानों से पांच भैंस और दो कटड़ी चोरी कर हो गए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों के निकटवर्ती गांव सिंघपुरा में देर रात्रि तीन स्थानों से पांच भैंस व दो कटड़ी चोरी का मामला सामने आया है। पशुओं को चोर गाड़ी में लादकर ले गए हैं। पशुओं की चोरी की घटना में हड़कंप है। मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची घटनास्थलों का मुआयना किया। पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज को भी खंगाला है। पुलिस ने एक महिला शिकायतकर्त्ता की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



सफीदों। मौके पर एकत्रित ग्रामीण।

मिली जानकारी के अनुसार देर रात्रि गांव की संतोष अपने पशु बाड़े में दो भैंस व एक कटड़ी, उसकी पड़ोसन बिमला दो भैंस व गुरदीप एक भैस व एक कटड़ी बांधकर अपने-अपने घरों में जाकर सो गए थे। रात में अज्ञात चोरों ने उनके पशुबाड़ों में सेंध लगाकर वहां पर बंधे पशुओं को उनकी बेल खोलकर गाड़ियों में लादकर ले गए। इस घटना का उस वक्त पता चला जब पशुपालक सुबह अपने-अपने बाड़ों में पशुओं का दूध निकालने के लिए गए थे लेकिन उनके होश उस वक्त उड़ गए जब उन्होंने पाया कि उनके बाड़ों से पशु नदारद हैं। इस बात की सूचना पूरे गांव में आग की तरह से फैल गई और मौके पर काफी तादाद में ग्रामीण जमा हो गए। मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनाक्रम का जायजा लिया और आसपास के सीसीटीवी फूटेज को खंगाला। ग्रामीणों का कहना था कि यह घटना रात लगभग करीब एक बजे की है। उस समय गलियों में कुत्ते भी अधिक भौंक रहे थे लेकिन उन्हे यह अनुमान नहीं था कि उनकी पशुओं की इस प्रकार से चोरी हो जाएगी।



राजौंद। धरना स्थल पर पहुंचे प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह चौहान। फोटो :हरिभूमि

### कॉलेज बनाओ ट्रीटमेंट प्लांट हटाने की मांग उठाई

राजौंद। राजौंद में कॉलेज बनाओ ट्रीटमेंट प्लांट हटाओ की मांग को लेकर चल रहे धरने पर भाजपा के प्रवक्ता प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह चौहान पहुंचे। उन्होंने धरना स्थल पर बैठे लोगों के साथ विस्तार से बातचीत की और सारी जानकारी ली। जिस पर उन्होंने कहा की यह मांग जायज है और इसका समाधान करने के लिए वह मुख्यमंत्री से मिलकर समाधान करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बारे प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर भी समाधान बारे बातचीत की जाएगी। उन्होंने कहा कि कॉलेज की जगह तो यहां बिल्कुल ठीक है लेकिन कैसे मिस्टेक की गई है। इसके लिए वह बात करेंगे। इस दौरान धरना स्थल पर मौजूद वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार रखे।इस दौरान धरना स्थल पर राकेश राणा, काका राणा,तेजपाल फौजी, अमन राणा, धर्मपाल प्रधान, किरणपाल वाल्मीकि, ईश्वर डांगी, देशराज जांगड़ा, रोशन कश्यप, सुनील, बिंद शर्मा, गूदू शर्मा, सुरेश कुमार, देशराज, डॉक्टर श्याम राणा, सरदार काका सिंह, डॉक्टर संदीप राणा, ज्ञान सिंह, हरपाल राणा, केहर राणा, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

### चिकित्सा अधिकारी ने दिल्लूवाला सब सेंटर पर रिकार्ड जांच

# कर्मचारियों को ड्रेस कोड में रहने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. पालेराम के निर्देशानुसार बुधवार को नगूरां पीएचसी अधिकारी डा. दीक्षा यादव व निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने दिल्लूवाला, नगूरां, चांदपुर, शाहपुर, रायचंदवाला समेत सात साईटों का निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी ने दिल्लूवाला सब सेंटर पर रिकार्ड की जांच करने के अलावा उससे पूरा करने व साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। चिकित्सा अधिकारी ने इस दौरान कर्मचारियों को समय पर पहुंचने व ड्रेस कोड में रहने के निर्देश दिए। वहीं चिकित्सा अधिकारी डा. दीक्षा यादव ने दिल्लूवाला गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं व लोगों को 0-5 वर्ष तक के बच्चों को जानलेवा बीमारियों जैसे काली खांसी, गलघोटू, दिमागी बुखार, टेटनेस, पोलियो, दस्त, खसरा, निमोनिया तथा टीबी आदि रोकथाम के लिए टीकाकरण के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वह गर्भवती महिलाएं जिनमें खून की कमी है, उनको हरी पत्तेदार सब्जियां, गुड़,. चना, विटामीन सी युक्त फल जैसे संतरा, अनार, आंवला, मौसमी, साबुत अनाज, अंकुरित दालें, पीले फल, ड्राई फ्रूट तथा फोलिक एसिड, आयरन, कैल्शियम युक्त गोलियों का सेवन करें ।



दिल्लूवाला उपस्वास्थ्य केंद्र पर रिकार्ड जांच करती नगूरां चिकित्सा प्रभारी डा. दीक्षा यादव।


#### योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान

महिलाओं को मिलने वाली औपचारिक सुविधाएं जैसे खून, बीपी, शुगर, आरएच फैक्टर, ब्लड ग्रुप, बुखार, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, बलगम की जांच नगूरां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध है। कहा कि लोगों को चाहिए कि विभाग द्वारा जनहित के लिए चलाई योजनाओं का लाभ लेना चाहिए ताकि जीवन को स्वस्थ बनाया जा सके। एएनएम हरिता, राजबाला, सविता, संतोष, सुनिता, नवीन, रीनू शर्मा, सुषमा, आशा वर्कर संतोष, सीमा, सुनीता, बिमला, राजेश, रोशनी, प्रोमिला मौजूद थी।

## आज-कल बादलवाई बूंदाबांदी की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में वीरवार और शुक्रवार को मौसम में परिवर्तन होगा और बादलवाई छाई रहेगी। कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी की संभावना बन रही है। इससे धरतीपुत्र किसानों की चिंता बढ़ गई है। क्योंकि सरसों की कटाई के साथ-साथ मंडी में सरसों की आवक हो चुकी है। जबकि गेहूं की कटाई का काम भी जल्द ही शुरू होने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से मौसम पांच अप्रैल तक परिवर्तनशील रहेगा। इस



दौरान 14 से 18 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवाएं चलेंगी। कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। छह अप्रैल के बाद मौसम खुशक होगा और दिन के तापमान में बढ़ौतरी होगी। हालांकि 10 अप्रैल के बाद फिर से मौसम करवट लेगा और 15 अप्रैल को वर्षा की संभावना रहेगी।

## खबर संक्षेप

### जयपाल-राहुल मुआना मंडल के महामंत्री बने

**जींद।** भारतीय जनता पार्टी मुआना मंडल के अध्यक्ष कृष्ण खातला ने जिलाध्यक्ष राजकुमार मोर व प्रदेश संगठन से विचार विमर्श कर मुआना मंडल के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जयपाल शर्मा साहनपुर, राहुल राणा मुआना को महामंत्री, राजेश गुज्जर डिडवाडा, संजय शर्मा सिंघाना, सतपाल बुढ़ाखेड़ा, विक्रम पाजू कलां को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

### दो युवतियां लापता अपहरण का केस

**जींद।** अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ अपहरण के मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। शहर थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 18 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। महिला ने आरोप लगाया कि आरा रोड निवासी सोनू ने उसकी बेटी का अपहरण किया हुआ है।

### हरियाणवी सांग लीलो चमन का किया मंचन

**जींद।** गांव मालवी में वुमैन कल्चर सोसाइटी द्वारा संस्कृति मंत्रालय के सौजन्य से लीलो चमन हरियाणवी सांग का मंचन किया गया। सोसाइटी की अध्यक्ष सविता देवी ने बताया कि सांग का मंचन संजय कुमार सांगी ने किया। इसका शुभारंभ ब्राह्मण संस्कृत महाविद्यालय रामराये के प्रधान मास्टर रिषिकांत शर्मा, समाजसेवी विनोद जोशी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनीषा शर्मा ने किया।

### दनौदाखुर्द से ट्रांसफार्मर चोरी, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव दनौदाखुर्द मे बीती रात चारों ने ट्रांसफार्मर को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिजली निगम ने गांव दनौदाखुर्द निवासी सतबीर के खेत में बिजली ट्रांसफार्मर रखा था।

### मतदान करने के लिए दिलाया संकल्प

**उचाना।** राजकीय स्कूल भौंगरा में विद्यार्थियों को लोकसभा चुनाव शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ शपथ दिलाई गई। मा. रामप्रसाद ने कहा कि जिन विद्यार्थियों को मत बन चुका है वो अपने मत का प्रयोग करने के साथ-साथ अपने अभिभावकों, आस-पड़ोस के लोगों को भी प्रेरित करें। प्रजातंत्र में मत से बड़ी कोई ताकत नहीं होती है। हमारा एक-एक मत जरूरी होता है।

### पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला उचाना में आज

**उचाना।** स्थानीय विधायक एवं पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला चार अप्रैल को उचाना हलके के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। सुदकैन कलां, सुदकैन खुर्द गांव में वो कार्यकर्ताओं के यहां आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। दोनों गांवों में 80 से अधिक कार्यक्रमों में शिकरत करेंगे। पूर्व डिप्टी सीएम के दौरे के चलते उनके निजी सचिव एवं कार्यालय प्रभारी प्रो. जगदीश सिहाग ने दोनों गांवों के दौरे कर प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

### बगैर शिक्षा के जीवन में कुछ नही : खटकड़

**उचाना।** अशोका विद्या मंदिर स्कूल खटकड़ में हवन कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। हवन में पूर्णा आहुति शिक्षाविद सुनील खटकड़ ने दी। सुनील खटकड़ ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व है। बिना शिक्षा के जीवन में कुछ नहीं है।

### जजपा कार्यकर्ताओं ने गाय को चारा और गुड खिलाया

**नरवाना।** बुधवार को जननायक जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला कर जन्मदिन एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मनाया। इस दौरान पार्टी के कार्यकताओं ने गाय को चारा व गुड भी खिलाया और भगवान से दुआ करते हुए दुष्यंत चौटाला दिन दुगना रात चौगुनी तरक्की करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य मियां सिहं सिहाग मौजूद रहे।

---

## चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए छह एप लांच

# जींद में 75 प्रतिशत से ज्यादा मतदान का लक्ष्य

**चुनाव में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने तकनीकी युग में मतदाता अनुकूल कदम उठाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


मोहम्मद इमरान रजा।

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव में नागरिकों के अधिकारों को मजबूत करने के लिए छह मोबाइल एप लॉच किए हैं। इन एप के जरिए एक क्लिक पर वोट करना, आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत समेत कई काम होंगे। उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देखने सहित किया जा सकता है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम एप लॉच किया। दरअसल चुनाव में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने तकनीकी युग में मतदाता अनुकूल कदम उठाए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सबसे महत्वपूर्ण है और निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव प्रक्रिया में नागरिकों की पूर्ण भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वोट बनवाने के लिए वोटर हैल्पलाइन एप काफी कारगर है। जिसके माध्यम से 18 वर्ष पूरा कर चुके युवा घर बैठे वोट के लिए आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों के लिए सुविधा एप भी लॉच किया, जिसके माध्यम से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार चुनावी गतिविधियों के लिए एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा चुनाव आयोग की ओर से विभिन्न चुनावी टीमों के लिए कई एप भी लॉच किए गए हैं जिनका इस्तेमाल किया जा रहा है।

### एप विजिल एप शिकायत

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत नागरिक सी विजिल एप की मदद से कर सकते हैं। इसमें फोटो, वीडियो और ऑडियो अपलोड करके शिकायत दर्ज करने की सुविधा है। शिकायत मिलने के बाद 100 मिनट के अंदर उसे भेज दिया जाता है। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए यह एक महत्वपूर्ण ऐप है।

### चुनावी गतिविधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन

उम्मीदवार इस ऐप के माध्यम से चुनावी गतिविधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही ऑनलाइन नामांकन की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है। उम्मीदवार एप पर लॉग इन करने के बाद शपथ पत्र, प्रस्ताव की जानकारी और नामांकन की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सुविधा उम्मीदवार एप उम्मीदवारों को उनके नामांकन और चुनाव अभियान से संबंधित आवश्यक अनुमति की स्थिति की जांच करने की सुविधा प्रदान करता है।

### जनता को मतदान के लिए प्रोत्साहित करें

इस एप के जरिए आम लोग वोटिंग वाले दिन वोटिंग प्रतिशत देख सकते हैं। इस बार 75 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य रखते हुए आयोग स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जनता को मतदान के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

### घर बैठे अपना वोटर आईडी प्राप्त करें

इस एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ें, नाम व पता संशोधित करें, नाम हटाएं, मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करें, मतदाता सूची में नाम ढूंढें, मतदान केंद्र विवरण डाउनलोड करें ई-एपिक कार्ड। इससे कोई भी व्यक्ति घर बैठे अपना वोटर आईडी प्राप्त कर सकता है।

### केवाईसी एप से देखें उम्मीदवार का नामांकन

नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) एप के जरिए आम नागरिक उम्मीदवार के बारे में सारी जानकारी प्राप्त कर सकता है। इस एप में उम्मीदवार द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर को दिया गया नामांकन पत्र अपलोड किया जाता है। जिसे कोई भी आम नागरिक अपने मोबाइल पर देख सकता है। इस एप के जरिये उम्मीदवार के आपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति और शिक्षा समेत अन्य जानकारी हासिल की जा सकती है।

### दिव्यांगों के लिए सक्षम एप

एबल एप विशेष योग्य नागरिकों की सुविधा के लिए है। इसके जरिए दिव्यांग पंजीकरण और संशोधन करा सकते हैं। इसके तहत व्हीलचेयर के लिए आवेदन के साथ-साथ मतदाता सूची में नाम ढूंढ सकते हैं और बूथ की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

---

# मतदान केंद्रों का किया दौरा

- कर्मचारी सभी व्यवस्थाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते एसडीएम राकेश सैनी।

एसडीएम एवं जींद विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी राकेश सैनी ने बुधवार को विभिन्न गांवों में मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने खेड़ी तलोडा, खेडी लोहचब, मनोहरपुर, निर्जन तथा बरसाना व जींद शहर में स्थापित लगभग एक दर्जन से अधिक मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं को देखा और वहां मौजूद ग्रामीणों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जानी हैं। ऐसे में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी सभी व्यवस्थाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशों पर कुछ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या अधिक होने के कारण नए मतदान केंद्रों का गठन किया जा सकता है। वैसे तो ज्यादातर नए मतदान केंद्र पुराने परिसर में ही हैंए फिर भी यहां विशेष ध्यान दिया जाए।



### जागरूक करने के लिए रेडीनेस मेले का आयोजन

**अलेवा।** गांव नगूरां केआंगनवाड़ी केंद्र पर ग्रामीणों को प्ले स्कूल के बारे में जागरूक करने के लिए रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता आंगनवाड़ी वर्कर सुनीता ने की तथा मुख्य रूप से पंच रितू रानी ने हिस्सा लिया। रेडीनैस मेले में छह वर्ष तक के बच्चों के माता- पिता व दादी को प्ले स्कूल में दाखिला कराने के लिए जागरूक किया गया। ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करते आशा वर्कर पूनम ने कहा कि सरकार द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में बनाए प्ले स्कूलों में बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाया जाता है। आंगनवाड़ी वर्कर ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण आंचल में 6 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा देने के लिए प्ले स्कूल खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि प्ले स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों का शारीरिक , मानसिक व भाषा का सामाजिक विकास होता है। इस मौके पर आंगनवाड़ी हैल्पर, वर्कर के अलावा कई ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही।

### विद्यारंभ संस्कार के साथ नौनिहालों का शिशु वाटिका में प्रवेश

**जींद।** हिंदू धर्म में सोलह संस्कारों की भारतीय परम्परा का वर्णन किया जाता है। इसी संकल्पना को लेकर हिंदू शिक्षा समिति से संबद्ध गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय जींद में शिशु वाटिका में प्रवेश से पूर्व नन्हें मुन्ने बच्चों का विद्या आरंभ संस्कार किया। छात्रों की कुशलता के लिए हवन का आयोजन किया गया। इसी संदर्भ में विद्यालय की पूर्व आचार्या मंजु मानव, प्राचार्य बलबीर, शिशु वाटिका के छात्र व आचार्य परिवार के साथ अभिभावक भी उपस्थित रहे। प्राचार्य बलबीर ने अभिभावकों को साधुवाद व छात्र भैया बहनों को आशीर्वाद प्रदान किया।_राचार्य द्वारा आमंत्रित अभिभावकों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया।

---

# पांच बूथों के बदलाव पर मंथन

- मतगणना केंद्रों में परिवर्तन करने के प्रस्ताव को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


बूथों में बदलाव को लेकर बैठक करते उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमिता कुमारी।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला में लोकसभा चुनाव के मतगणना केंद्रों में परिवर्तन करने के प्रस्ताव को लेकर बैठक का आयोजन किया। अध्यक्षता उप जिला निर्वाचन अधिकारी नमिता कुमारी ने की। बैठक में मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व चुनाव से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। नमिता कुमारी ने बताया कि उचाना विधानसभा क्षेत्र के चिन्हित किए गए मतदान केंद्रों के क्षतिग्रस्त होने के कारण इनकी जगहों में परिवर्तन किया जाना भी प्रस्तावित है। इनमें छात्तर गांव के बाबा मनसा नाथ विद्या मंदिर में बने बूथ नंबर 33 को गांव के ही वाल्मीकियान चौपाल सांबर पत्ती में स्थापित करने, खरकभूरा गांव की वाल्मीकि चौपाल में बने बूथ नंबर 68 को गांव की रविदास चौपाल में, अलेवा गांव के रामदासियान चौपाल में बने बूथ नंबर 107 को राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में, इसी प्रकार दुर्जनपुर गांव की धानकान चौपाल में बने बूथ नंबर 141 को गांव के ही अंबेडकर पुस्तकालय भवन में तथा वाल्मीकियान चौपाल शाहपुर गांव में बने बूथ नंबर 202 को राजकीय उच्च विद्यालय शाहपुर स्थापित करने का प्रस्ताव प्रस्तावित किया गया है।

### समाज सेवा के काम करता है लायंस क्लब : वीरेंद्र प्रधान

**उचाना।** लायंस इंटरनेशनल क्लब की रीजन कांफ्रेस एमजीएफ वीरेंद्र प्रधान, लायंस शर्मिला चहार की अध्यक्षता में हुई। लॉयन वीरेंद्र प्रधान के रीजन में आने वाले क्लबों द्वारा किए गए सामाजिक कामों के बारे में जानकारी दी। जींद सिटी, जींद, उचाना, नरवाना, बरवाल रॉयल, बरवाला, उकलाना, अग्रोहा, कुल्हा, टोहाना क्लब के पदाधिकारी, सदस्य कार्यक्रम में पहुंचे। सभी क्लबों के पदाधिकारियों को समाज सेवा में किए गए कामों को लेकर सम्मानित किया गया। वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि लायंस क्लब के पदाधिकारी प्रोजेक्ट बना कर समाज सेवा के काम करते है। रक्तदान, स्वास्थ्य कैंप, पौधरोपण, जल बचाने के लिए संदेश, सामाजिक बुराईयों दूर रहने के लिए जागरूक करने का काम करने के साथ शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों, चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले डॉक्टरों को भी सम्मानित किया जाता है। लॉयन वीरेंद्र करसिंधु ने कहा कि समाज सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। जितना हो सकता है उतनी समाज में सेवा करनी चाहिए। जरूरतमंद की मदद करनी चाहिए।

# महाराज अजमीढ़ मंदिर में महंत का स्वागत

- देश में सर्वसुख शांति का संदेश लेकर महंत ईश्वरीय पहुंची जींद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। भारत भ्रमण पर निकली महंत ईश्वरीय का स्वागत करते सभा सदस्य।

स्थानीय सेक्टर छह स्थित सुनार धर्मशाला व महाराज अजमीढ़ जी मंदिर में उदयपुर राजस्थान से महंत ईश्वरीय पहुंची और सुनार समाज सहित समाज में सुख शांति का आर्शीवाद दिया। मैढ़ सुनार सभा जींद के पदाधिकारियों ने भी प्रधान सत्यनारायण सोनी की अगुवाई में महंत ईश्वरीय को सभा की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया। गौरतलब है कि महंत ईश्वरीय समाज व देश में सुख शांति व आपसी भाईचारे को मजबूत करने को लेकर भारत भ्रमण पर हैं। इसके उपरांत सभा की बैठक हुई। जिसमें आगामी सात अप्रैल को रोहतक मे सुनार समाज के होने वाले राज्यस्तरीय परिचय सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। अजमीढ़ जी सुनार जनसेवा संस्थान रोहतक के तत्वावधान मे होने वाले इस सम्मेलन में जींद से काफी संख्या में सदस्य भाग लेंगे। प्रधान सत्यनारायण सोनी, संरक्षक बनारसी दास वर्मा ने बताया कि परिचय सम्मेलन मे देश सेवा व कर्तव्यनिष्ठा के अलावा समाज में फैली कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम व नशामुक्ति के लिए जनजागरण अभियान चलाने की शपथ दिलाई जाएगी। सत्यनारायण सोनी, फूल सिंह वर्मा, बनारसी दास वर्मा, रमेश वर्मा, राजकुमार सोनी, हरद्वारी लाल सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

---


जुलाना। आईटीआई में छात्रों को संबोधित करते प्रवक्ता सज्जन कुमार।

### आईटीआई छात्रों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की आईटीआई में पुलिस प्रशासन ने नशे के प्रति छात्रों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। एडीजीपी कार्यालय के प्रवक्ता स'जन कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र युवा अवस्था में ही अपना लक्ष्य चुनते हैं। युवाओं को चाहिए कि वो नशे से दुर रहकर एक सच्चा नागरिक बनने के लिए मेहनत करे। युवाओं का दायित्व बनता है कि वो अपने आस पास नशा कर रहे लोगों को रोके और स्वयं भी नशे की लत से दूर रहे। नशे से दूर रहकर ही देश को उन्नति और विकास के मार्ग पर आगे ले जाया जा सकता है। इस मौके पर आरोग्यम अस्पताल के संचालक डा. योगेश नांदल, नरेश ढांडा, जयभगवान, सोनिया, रामरति आदि मौजूद रहे।

# सभी सीटों पर जीतेगी भाजपा: मोहन लाल

- ुलाना हलके के गांवों का सोनीपत से भाजपा प्रत्याशी ने किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना


जुलाना। मेहरड़ा गांव में जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल।

सोनीपत लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल ने जुलाना हलके के दर्जनों गांवों का दौरा किया। बुधवार को मोहन लाल ने पौली गांव से कार्यक्रम की शुरूआत की। उसके बाद किलाजफरगढ़, हथवाला, बुढाखेड़ा, अकालगढ़, लिजवाना कलां, मेहरड़ा, सिरसा खेड़ी, फतेहगढ़, लिजवाना खुर्द, नंदगढ़, भैरोखेड़ा और ललितखेड़ा आदि गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मोहन लाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा का कांग्रेस के पास कोई विकल्प नही है। भाजपा ने सभी सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए लेकिन कांग्रेस अभी तक एक भी प्रत्याशी नही उतार पाई है। जिससे साफ साबित होता है कि प्रदेश की सभी 10 की 10 सीटें भाजपा जीतने का काम करेगी। भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों के चलते रोजाना लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर, संदीप लोहान, डा. पुष्पा तायल, गौरव भारद्वाज, नीरज मलिक, सतीश सांगवान, प्रदीप नांदल आदि मौजूद रहे।


जींद। मतदान के लिए जागरूक करते हुए भजन मंडली।

### जनसंपर्क विभाग ने मतदान के प्रति किया जागरूक

**जींद।** आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर जागरूक करने के लिए सूचनाए जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन मंडली टीमें क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर आमजन को वोट बनवाने के साथ ही वोट डालने के लिए प्रेरित कर रही है। कलाकार ढोलक व हारमोनियम की धुनों पर मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले गीत गाते हुए लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। भजन मंडली कलाकारों ने से वोट का अधिकार, इस भारत देश म्हारे मै आदि गीतों के द्वारा लोगों को जागरूक करने के कार्य में जुटी हुई हैं। लोक सम्पर्क विभाग के भजन पार्टी लीडर बलजीत सिंह व राजेंद्र सिंह ने बुधवार को न्यू कृष्णा कॉलोनी व भगत सिंह कॉलोनी में जाकर वोट बनवाने और वोट का शत प्रतिशत प्रयोग करने के लिए आमजन को जागरूक किया।

---

## बोले : हरियाणा जनसेवक पार्टी का नही कोई जनाधार

# हरियाणा जनसेवक पार्टी की रैली को बताया फ्लॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

पुरानी अनाज मंडी में आयोजित की हरियाणा जनसेवक पार्टी की रैली को विरोधियों ने फ्लॉप बताया। विरोधियों ने पार्टी का जुलाना में कोई जनाधार होने की बात को भी नकार दिया। विरोधियों का मानना है कि महम के विधायक की राजनीतिक जमीन जब महम से खिसकती नजर आई तो जुलाना की ओर रूख किया है। विरोधियों का मानना है कि हजपा भाजपा की बी टीम है और केवल वोट काटने के लिए अपने उम्मीदवार मैदान में उतारने की तैयारी में है।

### बाहरी भीड़ से कर रहे शक्ति प्रदर्शन :गौरव



जुलाना से भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरव भारद्वाज ने कहा कि जुलाना की जनता ने हजपा की कार्यशैली को पहचान लिया। रैली जुलाना के लोगों की ना होकर महम विधानसभा के लोगों की रैली बनकर रह गई। क्योंकि रैली में 'यादातर महम हलके की जनता ही मौजूद थी। केवल लच्छेदार भाषण से विकास कार्य नही होते। जुलाना के लोग भाजपा की नीतियों के साथ जुड़ रहे हैं। रैली में भागीदारी ना करके जुलाना की जनता ने हजपा को नकारने का काम किया है।

### हजपा का लक्ष्य केवल वोट काटना: धर्मेंद्र ढुल



कांग्रेस नेता धर्मेंद्र ढुल ने कहा कि हरियाणा जनसेवक पार्टी का लक्ष्य केवल वोट काटना है। जुलाना की जनता समझ गई है कि हजपा भाजपा की बी टीम है और केवल लोगों को बरगलाने का काम कर रही है। लोग हजपा के बहकावे में नही आएंगे। अगर महम के विधायक बजराज कुंडू ने विकास ही करवाया है तो वो महम का रिपोर्ट कार्ड पेश करें। महम की हालत बद से बदतर बनी हुई है। अगर जुलाना से कोई भी प्रत्याशी हजपा की टिकट पर चुनाव लड़ेगा तो जमानत भी नही बचा पाएगा।

### हजपा का नही कोई जनाधार:मोहित लाठर



जुलाना से पूर्व जनस्वास्थ्य मंत्री सत्यनारायण लाठर के पोते और कांग्रेस के युवा प्रदेश सचिव मोहित लाठर ने कहा कि हजपा का कोई जनाधार नही है। रैली में महम के लोगों की भागीदारी दिखाती है कि जुलाना की जनता ने उन्हें नकार दिया है। महम से राजनीतिक जमीन खिसकती देख बलराज कुंडू जुलाना का रूख कर रहे हैं लेकिन जुलाना हलका पूर्व मुख्यमंत्री भुपेंद्र हुड्डा के विचारों पर चलने वाला हलका है और प्रदेश में कांग्रेस की बहूमत से सरकार बनेगी।

### महम की बैसाखियों पर नही चलेगी राजनीति: दलाल



कांग्रेस नेता रोहित दलाल ने कहा कि हरियाणा जनसेवक पार्टी महम से लोगों को लाकर जुलाना के लोगों को बरगलाने में लगी हुई है। जुलाना की जनता ने पार्टी को सिरे से नकारने का काम किया है। महम जुलाना के नजदीक होने के बाद भी जुलाना के लोगों ने रैली में भागीदारी नही दिखाई जिससे साफ जाहिर होता है कि महम की बैसाखियों के सहारे जुलाना की राजनीति नही चलेगी।


जींद। राजकुमार गोयल को निमंत्रण देते संस्था पदाधिकारी।

### मां भगवती का विशाल जागरण नौ को बैक रोड पर

**जींद।** शक्तिपीठ जय मां बनभौरी सेवा मंडल मां भगवती का विशाल जागरण नौ अप्रैल को बैंक रोड पर आयोजित किया जा रहा है। इस जागरण में हरियाणा के साथ-साथ पंजाब व राजस्थान से जाने माने कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। इन कलाकारों में जयपुर से साक्षी अग्रवाल, भूना से सोनू सिंगला, जींद से नरेश भजनी एंड पार्टी व दिनेश गोयल प्रमुख हैं। ये कलाकार माता की सुंदर-सुंदर भेंटे गा कर श्रद्धालुओं का मन मोह लेगें। जागरण को लेकर शक्तिपीठ जय मां बनभौरी सेवा मंडल की बैठक प्रधान दीपक गोयल के प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई। बैठक में चेतन गर्ग, जगमोहन, दिनेश, नवीन, अक्षय इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जागरण की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। उधर जागरण को लेकर समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल को जागरण में अतिथिगण के तौर पर पधारने का न्योता दिया गया।

## खबर संक्षेप

### बंशीलाल पंचायती राज प्रकोष्ठ के संयोजक बने

**कैथल।** जिला कार्यालय भाजपा में माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी, पंचायत मंत्री महिपाल डांडा से विचार विमर्श करके जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने बंशीलाल मानस को दोबारा से पंचायती राज प्रकोष्ठ जिला कैथल का संयोजक बनाया। जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर का धन्यवाद करते हुए बंशीलाल मानस , संजीव कांगड़ा पाडला मण्डल अध्यक्ष, रमेश गढ़ी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, नरेश सजूमा जिला महामंत्री, रणधीर बाता व कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

### साइबर धोखाधड़ी के आरोपी को भेजा जेल

**कैथल।** होटल का रिव्यू करने के नाम पर साइबर धोखाधड़ी करने के एक मामले की जांच थाना साइबर क्राइम के एएसआई सुरेंद्र कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी रोहित निवासी खाखुसर जिला बिकानेर राजस्थान तथा राहूल निवासी चमुंदरी राना वतन जिला पाली राजस्थान को 30 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल निवासी एक व्यक्ति की शिकायत अनुसार सात फरवरी को उसके पास व्हाट्सएप पर संदेश आया कि अगर गूगल मैप पर होटल का रिव्यू करोगे तो आपको 50 रुपये प्रति रिव्यू मिलेंगे। उसने ओके बोल दिया। बाद में मैसेज करने वाले ने एक टेलीग्राम आईडी अकांशा के नाम से भेजी व एक लिंक उसे भेज दिया।

### विद्यालय के सभी अध्यापकों व छात्रों ने हवन में आहुति दी

# इंडस स्कूल ने हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया

- प्राचार्य ने छात्रों को समय का महत्त्व समझाते कोई भी क्षण व्यर्थ न गंवाने की सलाह दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इंडस पब्लिक स्कूल कैथल के प्रांगण में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ हवन यज्ञ व मंत्रोच्चारण द्वारा किया गया। इस शुभ अवसर पर इंडस पब्लिक स्कूल, कैथल की मैंटर बिमला सुरजेवाला, डायरेक्टर अभिषेक सहारण तथा प्रधानाचार्या तनु पुनिया ने मंत्रोच्चारण करके यज्ञ में आहुतियां दी। विद्यालय के सभी अध्यापकों एवं छात्रों ने भी पवित्र यज्ञ में आहुतियां दी। यज्ञ संपन्न होने पर बिमला सुरजेवाला ने सभी पूर्व व नवीन प्रवेश पाने वाले छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें शुभ आशीष देकर कहा कि हमें जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसे पूरा करने के लिए जी तोड़ मेहनत करनी चाहिए। प्रधानाचार्या तनु पुनिया ने भी सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति हेतु बधाई देते हुए उनका नवीन शैक्षणिक सत्र में स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को समय का महत्त्व समझाते हुए कोई भी क्षण व्यर्थ न गंवाने की सलाह दी और पहले दिन से ही लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। साथ ही उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों को भी उनके कठिन प्रयासों के लिए खूब सराहा और उन्हें नए सत्र में भी इस प्रकार पूरी निष्ठा व लगन से कार्य करने को कहा। उन्होंने बच्चों को राष्ट्र की अमूल्य संपत्ति बताते हुए उनके शैक्षिक, शारीरिक विकास के साथ-साथ नैतिक विकास को भी अत्यंत आवश्यक बताया। निर्देशक अभिषेक सहारन ने भी बच्चों को नए सत्र की शुभकामनाएं दी।




**कैथल।** इंडस पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हवन में आहुति डालते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### बीमारी से बचने के लिए सफाई पर ध्यान रखने के लिए जागरूक किया



**गुहला-चीका।** रैली निकालते हुए बच्चे व स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

**गुहला-चीका।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय गुहला जिला कैथल में सर्व शिक्षा अभियान के तहत शिक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्कूल के सभी बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने बढ चढ़ कर भाग लिया। स्कूल की मुख्य शिक्षिका श्रीमती कमलेश देवी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रेली की अगवाई श्रीमती हेमलता शर्मा ने की और सभी स्टाफ सदस्यों ने मैडम को पूर्ण सहयोग दिया। स्कूली बच्चों की ओर से स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता का बैनर लिए रैली में शामिल बच्चों ने गांव का भ्रमण करते हुए लोगों से बच्चों का नामांकन स्कूल में करने, नियमित स्कूल भेजना व विभिन्न बीमारी से बचने के लिए साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने के लिए जागरूक किया। रैली में सविता सिंगला, राकेश कुमार , बलजीत सिंह, शारदा देवी, अनीता देवी ,अरुणा यादव, प्रियंका देवी, इकबाल कौर व सविता शर्मा ने योगदान दिया।



**कैथल।** संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. रमेश भारद्वाज विजेताओं का सम्मान करते हुए।

### संस्कृत विश्वविद्यालय ने किया

# हरियाणा संस्कृत गौरव कार्यक्रम का आयोजन

- प्रमुख संस्कृत विद्वानों के कृतित्व पर परिचर्चा आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल एवं संस्कृत विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में हरियाणा संस्कृत गौरव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत सुप्रतिष्ठित विद्वान प्रो. भीम सिंह के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर राष्ट्रीय परिचर्चा आयोजित की गई, तथा उन्हें सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश भारद्वाज ने की, मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा तथा मुख्य वक्ता प्रो. मानसिंह रहे। कार्यक्रम में व्याकरण महाभाष्य पर प्रो. भीमसिंह द्वारा लिखित हिन्दी भाष्य का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर पाणिनीय शोध संस्थान, छत्तीसगढ़ से डॉ. पुष्पा दीक्षित, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के संस्कृत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीकान्त भारद्वाज और पूणे विश्वविद्यालय की संस्कृत विभाग की अध्यक्षा डॉ. सरोजा भाटे द्वारा भेजी गई शुभकामनाओं की प्रस्तुति भी की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश चन्द्र भारद्वाज ने कहा कि हरियाणा संस्कृत गौरव श्रृंखला के अन्तर्गत हरियाणा के प्रमुख संस्कृत विद्वानों के कृतित्व पर परिचर्चा आयोजित की जा रही हैं। आज हम हरियाणा की वैदिक संस्कृति परम्परा के वाहक विद्वान का सम्मान कर रहे हैं। इस अवसर पर संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बृजपाल, शैक्षणिक डीन प्रो. सत्य प्रकाश दुबे आदि उपस्थित रहे।

# 69 मतों से विजय हासिल कर जयपाल गर्ग चीका अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान बने

- आढ़ती एसोसिएशन चीका के तीसरी बार चुने हैं मंडी प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

यहां अग्रवाल धर्मशाला में एशिया की प्रमुख अनाज मंडी चीका में आढ़ती ऐसोसिएशन के प्रधान पद का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें जयपाल गर्ग ने 69 मतों से अपने प्रतिद्वंदी रुलदू राम प्रजापति को हराते हुए प्रधान पर पर कब्जा कर लिया। मालूम रहे कि हर बार गेहूं के सीजन से पहले आढ़ती ऐसोसिएशन का चुनाव होता है चुनाव से करीब एक सप्ताह पहले अग्रवाल धर्मशाला में ही मंडी के आढ़तियों की एक अहं बैठक सम्पन्न हुई थी, जिसमें मंडी के कुछ आढ़तियों द्वारा चुनाव सर्वसम्मति से करवाने के लिए प्रयास किए गए थे परंतु चार आढ़तियों द्वारा चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोंक देने से चुनाव कमेटी को चुनाव करवाने की घोषणा करनी पड़ी। चुनाव की घोषणा होने के बाद दो आढ़तियों द्वारा अपना नाम वापिस ले लेने के चलते उपरोक्त दो आढ़ती ही मैदान में रह गए थे, जिनमें चुनाव करवाने के लिए आज बुधवार का दिन निश्चित किया गया था। चुनाव कमेटी के एक वरिष्ठ सदस्य स्वर्णजीत सिंह वोहरा ने बताया कि मंडी में कुल 343 वोटें थी, जिनमें से जीते हुए उम्मीदवार को 204 वोट मिली जबकि हारे हुए उम्मीदवार को 135 वोट मिली।



**गुहला चीका।** प्रधान पद का चुनाव जीते प्रसन्नचित मुद्रा में जय पाल गर्ग।

### चुनाव के बाद गले मिले दोनों प्रत्याशी

चुनाव के बाद दोनों प्रत्याशी एक-दूसरे के गले मिले और रूलदू राम प्रजापति ने जयपाल गर्ग को जीतने की बधाई दी और दोनों ने एक स्वर में कहा कि जिस आढ़ती ने भी उन्हें वोट दी, उसका भी आभार और जिसने नहीं दी, उसका भी भला। दोनों उम्मीदवारों ने शान्तिपूर्वक चुनाव करवाने के लिए चुनाव कमेटी का भी धन्यवाद किया।

### आढ़तियों की भलाई के लिए करूंगा काम:...

चुनाव जीतने के बाद जय पाल गर्ग ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वे आढ़तियों की भलाई के लिए 24 घंटे काम करेंगे। उन्होंने बताया कि गेहूं व धान के सीजन के अतिरिक्त भी यदि मंडी के किसी आढ़ती को कोई परेशानी आई तो उसे दूर करने के लिए वे सबसे आगे खड़े पाएंगे। उन्होंने अधिकारियों का आह्वान किया कि गेहूं के इस चालू सीजन में वे भी पारदर्शी तरीके से काम करें ताकि भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश ही नहीं रहे। उन्होंने मंडी के आढ़तियों से भी प्रार्थना की कि वे भी सरकारी नियमों के अनुसार अपना काम करें और ना स्वयं भ्रष्टाचार करें और ना ही किसी अधिकारी को भ्रष्टाचार करने दें। उन्होंने उम्मीद जताई कि गेहूं के इस सीजन में आढ़ती, अधिकारी व किसान सभी मिलजुलकर काम करेंगे और किसी को भी किसी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं देंगे।

### कातिलाना हमले के तीन आरोपी दबोचे

**कैथल।** कातिलाना हमला करने के मामले की जांच थाना प्रबंधक ढांड इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार की अगुवाई में एएसआई बलजीत की टीम द्वारा करते हुए आरोपी ढांड निवासी विशाल उर्फ सेठी, गुलजार व गुरमीत को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ढांड निवासी अमन की शिकायत अनुसार वे दो भाई हैं। करीब 7/8 महीने पहले गली में घर के पास बैठने को लेकर पड़ोसी सतीश के साथ उसकी कहासुनी हो गई थी। सतीश उसी बात को लेकर उससे रंजीश रखे हुए था। एक अप्रैल को सुबह करीब छह बजे वह रेलवे लाइन पर जा रहा था। रेलवे लाइन के पास सतीश खड़ा था जिसके हाथ में जेली थी। जब वह सतीश के पास पहुंचा तो सतीश ने अपने हाथ में पकड़ी जेली उसकी टांग पर मारी। वह उससे बचकर उसी समय भाग गया और अपने ताऊ कृष्ण के घर में घुस गया।

# बीवोक पांचवे सेमेस्टर परीक्षा में टॉप टेन में रहे आरकेएसडी महाविद्यालय के छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय के प्रातः कालीन सत्र की तीन छात्राओं ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा जारी बी वोक पांचवे सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में पहले 10 में से तीन स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। बी वॉक पांचवें सेमेस्टर की छात्रा दिव्या ने तीसरा स्थान और नेहा ने आठवां स्थान एवं वर्षा ने दसवां स्थान प्राप्त किया। इन मेधावी छात्राओं को महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर संजय गोयल द्वारा 2100 प्रति छात्रा को नगद राशि देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल कामनाएं की। उन्होंने कहा कि वाणिज्य विभाग के विद्यार्थी हर सत्र की परीक्षा में टॉप करते हैं और यह मंगल कामना भी की विद्यार्थी संस्था के बेहतरीन संसाधनों का उपयोग करके भविष्य में इस प्रकार महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे। मेधावी छात्राओं ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता एवं विभाग के शिक्षकों को दिया। इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अजय शर्मा और वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापक गण उपस्थित रहे ।



**कैथल।** बीवोक पांचवे सेमेस्टर परीक्षा में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. संजय गोयल। फोटो : हरिभूमि

### किसान नेता राजीव आर्य अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ आप में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में पूर्व भारतीय किसान यूनियन (मान गुट) के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य अपने 100 से ज्यादा समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। समर्थन देने के पश्चात राजीव आर्य ने कहा कि सुशील गुप्ता बहुत ही ईमानदार व्यक्ति हैं और इसी लिए उन्होंने उनको समर्थन किया है और वे उन्हें भारी मतों से जीतवाएंगे और उन्हें लोकसभा में भेजेंगे। राजीव आर्य ढांड का आभार व्यक्त करते हुए सुशील गुप्ता ने कहा कि वे उनके व उनके साथियों के मान-सम्मान में कभी कमी नहीं आने देंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुशील गुप्ता ने कहा कि पूंडरी के विधायक को भाजपा फ्लोर टेस्ट के लिए इस्तेमाल करती है। विधायक के पास किसी भी प्रकार की पावर नहीं है। पूंडरी में विकास की बजाए विनाश करवा दिया है।

# महिला पुलिस ने कॉलेज की छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में यौन उत्पीड़न कमेटी के तत्वाधान में कैथल महिला थाना से एस एच ओ रेखा द्वारा एक व्याख्यान दिया गया। महिला थाना कैथल से एस एच ओ रेखा, हेड कांस्टेबल पिंकी व कांस्टेबल रवीना व पूजा ने महाविद्यालय में शिरकत की। उनका महाविद्यालय में आने का उद्देश्य छात्राओं को यौन उत्पीड़न के बारे में सचेत करना था। व्याख्यान की शुरूआत में उप प्राचार्य डा रूपेंद्र ने महिला थाना से आए अतिथि गणों का स्वागत किया । उसके पश्चात एस एच ओ रेखा छात्राओं से रूबरू हुई । उन्होंने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के यौन शोषण के बारे में जानकारी दी और उनसे बचने के लिए कौन-कौन से कानून मौजूद है इसके बारे में बताया । विशेषकर उन्होंने छात्राओं को डायल 112 के बारे में बताया । डायल 112 की एप भी डाउनलोड करवाई गई । जिसे छात्राएं अपने बचाव के लिए प्रयोग कर सकती हैं । अंत में उन्होंने छात्राओं को अपनी-अपनी समस्याएं बताने के लिए कहा और यह आश्वासन दिया कि महिला थाना उनकी सहायता के लिए हमेशा खड़ा है। इस कार्यक्रम का आयोजन यौन उत्पीड़न कमेटी इंचार्ज शीला देवी द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम का मंच संचालन मैडम रितु देवी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।



**कैथल।** एसआई रेखा कलायत के कालेज में छात्राओं को जागरूक करते हुए।

### डाइपीआरओ की टीम कर रही मतदान के प्रति जागरूक : कृष्ण कुमार

**कैथल।** जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला में लगातार स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जहां स्कूल कालेजों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं वहीं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम द्वारा गांव-गांव जाकर लोक गीतों एवं भजनों के माध्यम से मतदाताओं को वोट डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

**लोकसभा चुनाव** | वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों के लिए होगी पिक एंड डांप की सुविधा

# लोकतंत्र के उत्सव में मतदान कर निभाएं देश के प्रति अपना कर्तव्य : प्रशांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने जिला के मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं। संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है। महिलाओं के वोट की कीमत पुरुषों के बराबर है, इसलिए उन्हें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व मे बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए और अपने मत का बिना किसी डर भय के उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चयन करना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने तक लागू रहेगी। कहीं पर भी संहिता का उल्लंघन नजर आता है तो वह अपनी शिकायत जिला निर्वाचन कार्यालय, हेल्पलाइन टोल फ्री नं. 1950 तथा सी-विजिल एप पर कर सकते हैं।

### युवाओं के लिए प्रत्येक विधानसभा में बनाए जाएंगे 4-4 यूथ बूथ

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग की हिदायतों अनुसार सभी बूथों पर पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। प्रत्येक मतदान केंद्र पर वोटर असिस्टेंट बूथ स्थापित किए जाएं, जिसमें बीएलओ व अन्य कर्मचारी मतदाताओं को उनके मतदान केंद्र के नंबर तथा मतदाता सूची में उनके नाम की क्रम संख्या को बताने में सहयोग करेंगे। वहीं प्रत्येक मतदान केंद्र पर ग्राम स्तर के एक स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी मैडिकल किट के साथ तैनात किया जाए। इसके अलावा मतदान अधिकारियों व मतदाताओं के लिए ओ.आर.एस घोल की व्यवस्था की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में चुनाव संबंधित तैयारियों के दृष्टिगत अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। डीसी प्रशांत पंवार ने मतदाताओं का आह्वान किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदाता मतदान के दिन अपने साथ गीला तोलिया रखें, वहीं महिलाओं को अपने साथ मतदान बूथ पर बच्चे नहीं लाएं। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि सैक्टर अनुसार जरूरी दवाईयों के साथ मोबाईल पैट्रोलिंग यूनिट चलाने के निर्देश भी दिए। यह मोबाईल वैन प्रत्येक मतदान केंद्र पर प्रत्येक घंटे में दौरा करेगी। यदि किसी को चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता है उसे सुविधा मुहैया करवाएगी। युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक विधानसभा में 4-4 यूथ बूथ भी बनाए जाएं। इस अवसर पर एडीसी सी.जया श्रद्धा, एसडीएम ब्रह्म प्रकाश, कृष्ण कुमार व सत्यवान सिंह मान, आरटीए गिरिश कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, सीएमओ रेणू चावला, ईओ कुलदीप सिंह, चुनाव नायब तहसीलदार सुभाष, रामजी लाल आदि मौजूद रहे।




#### व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के दिए आदेश

आयोग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजों के लिए मतदान के दिन बूथ पर पिक एंड ड्रोप यानि लाने व ले जाने की सुविधा उनकी ईच्छा अनुसार दी जाएगी। संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी इस व्यवस्था का इंतजाम पूर्व में ही कर लें, ऐसे मतदाताओं की पहचान करके संबंधित स्वयं सेवकों व कर्मचारियों की डयूटियां लगा दें।

#### मतदान केंद्रों पर लगेंगी तीन अलग-अलग लाईनें

डीसी ने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सुविधा के लिए तीन लाईनों की व्यवस्था होगी। एक लाईन में पुरूष मतदाता, दूसरी लाईन में महिला मतदाता तथा दिव्यांगजनों व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए तीसरी अलग लाईन की व्यवस्था होगी। इसी प्रकार दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को प्राथमिकता के आधार पर मतदान करने दिया जाएगा।

**खोया पाया**

श्री रामकुमार पुत्र साधु राम निवासी कैथल जिला कैथल ने अपनी असल सेल डीड नंबर 5591 दिनांक 02-02-2002 जो रामकुमार के पक्ष में है, जो पिहोवा चौक कैथल के निकट से दिनांक 17 जनवरी 2024 को गुम हो गई हैं इस संबंध में आवश्यक सूचना थाना शहर कैथल को दे दी गई है। यदि किसी को उक्त सेल डीड मिलती है तो वह हेमंत शर्मा एडवोकेट को चैंबर नंबर 47, जिला कोर्ट करनाल के पास पहुंचा दे या उनके मोबाइल नंबर 9355008800 पर 7 दिन के अंदर सूचित करे।

**खोया पाया**

श्री ओमप्रकाश पुत्र साधु राम निवासी कैथल जिला कैथल ने अपनी असल सेल डीड नंबर 1691 दिनांक 18-12-1975 जो ओमप्रकाश के पक्ष में है, जो पिहोवा चौक कैथल के निकट से दिनांक 17 जनवरी 2024 को गुम हो गई है। इस संबंध में आवश्यक सूचना थाना शहर कैथल को दे दी गई है। यदि किसी को उक्त सेल डीड मिलती है तो वह हेमंत शर्मा एडवोकेट को चैंबर नंबर 47, जिला कोर्ट करनाल के पास पहुंचा दे या उनके मोबाइल नंबर 9355008800 पर 7 दिन के अंदर सूचित करे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार जींद।**

मैं रवि जिन्दल पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश जिन्दल पुत्र स्वर्गीय बनवारी लाल जिन्दल निवासी मकान नंबर 376 स्कीम नंबर 6, गांधी नगर तहसील व जिला जींद।

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि (प्रार्थी) रवि जिन्दल पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश जिन्दल पुत्र स्वर्गीय बनवारी लाल जिन्दल निवासी मकान नंबर 376 स्कीम नंबर 6, गांधी नगर तहसील व जिला जींद ने दस्तावेज जिसमे वसीका बयनामा नंबर 5549 दिनांक 30.11.2004 व वसीका बयनामा नंबर 4779 दिनांक 11.01.2012 तसदीकशुदा सब रजिस्ट्रार साहब जींद अनुसार अपने पिता ओमप्रकाश जिन्दल के स्वर्गवास उपरांत उनसे विरासत मे मिले हिस्से को विक्रय पत्र / ट्रांसफरडीड पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता ओमप्रकाश जिन्दल पुत्र स्वर्गीय बनवारीलाल जिन्दल का स्वर्गवास दिनांक 17.12.2018 को हो चुका है व ओमप्रकाश जिन्दल की मां इन्द्रोती देवी पत्नी बनवारीलाल जिन्दल का स्वर्गवास काफी वर्षो पहले हो चुका है। ओमप्रकाश जिन्दल पुत्र स्वर्गीय बनवारीलाल जिन्दल के स्वर्गवास उपरांत उनके लीगल वारिसों के नाम इस प्रकार से हैं- **1-स्नेहलता जिन्दल विधवा, 2-रवि जिन्दल, 3-विकास जिन्दल, 4-रोहित जिन्दल पुत्रान स्वर्गीय ओमप्रकाश जिन्दल पुत्र स्वर्गीय बनवारी लाल जिन्दल हैं।**

इनके अलावा उपरोक्त ओमप्रकाश जिन्दल का अन्य कोई वारिस / उत्ताधिकारी नहीं है। जिसके संबंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसके लिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृत्तक के बताये गये वारिस / उत्ताधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरांत 30 दिन के अंदर-अंदर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

वह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 02.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जींद

**HINDU KANYA MAHAVIDYALAYA, JIND**
**Email: hkmvjind@gmail.com**
**Ph. No.- 01681-256263**

Applications are invited from female candidates for teaching UG classes in Geography (Hons.) & BCA on Part time/Contractual basis for 89 days (on consolidated salary) up to dispersal of classes for the session 2024-25. Candidates may apply on the prescribed proforma available in college office as well as College Website on payment of Rs. 200/- only and submit the form latest by 25-04-2024. Eligibility criteria for applicants as per CRSU, Jind under Self-Finance scheme rules.

**President** **Principal**

## खबर संक्षेप

### छेड़खानी करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** थाना राजोंद के अंतर्गत एक गांव की रहने वाली महिला के साथ छेड़खानी करने व धमकाने के मामले की जांच थाना राजोंद पुलिस की लेडी एचसी रितु द्वारा करते हुए आरोपी गुरप्रीत सिंह निवासी खेड़ी शर्फअली जिला करनाल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक महिला की शिकायत अनुसार वह टोल टैक्स 152-ऊ पर कर्मचारी हैं। आरोपी लगातार उसका पीछा करता था। फोन करके उसको बार बार परेशान करता था। 15 मार्च को पहले राजोंद में फिर टोल टैक्स पर आकर मेरे साथ छेडखानी की।

### चेक बाउंस के अलग-अलग 2 मामलों में दो गिरफ्तार

**कैथल।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहीम अंतर्गत पीओ पकडो स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में पुलिस द्वारा चेक बाउंस के अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एचसी अनिल कुमार द्वारा आरोपी मेजर सिंह निवासी गांव सापन खेड़ी को गिरफ्तार किया गया। जो वर्ष 2022 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 16 मार्च 2024 को पीओ घोषित किया गया था। दूसरे मामले में एचसी गुरदेव सिंह द्वारा वर्ष 2022 के चेक बाउंस मामले में पीओ विरेंद्र निवासी गांव मेंगलपुर जिला जींद को गिरफ्तार कर लिया गया।

### परिचय सम्मेलन को 100 पंजीकरण केंद्र

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने बताया कि आगामी सात अप्रैल को करनाल के श्री रामलीला भवन में रा'य स्तरीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस परिचय सम्मेलन में पूरे हरियाणा से सैंकड़ों की तादाद में विवाह योग्य प्रत्याशी भाग लेंगे और अपने जीवन साथी का चयन करेंगे। परिचय सम्मेलन को लेकर पूरे हरियाणा में 100 से ज्यादा स्थानों पर पंजीकरण केंद्र बनाए गए हैं। गांधी नगर में बैठक को संबोधित करते हुए राजकुमार गोयल ने कहा कि यह अग्रवाल युवा संगठन द्वारा आयोजित 24वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन है।

**शिक्षा की अलख: जिले के 38 स्कूलों ने दर्शाई सीटें**

# चिराग योजना के तहत शिक्षा विभाग ने शेड्यूल किया अपडेट

**चौथी से 12वीं कक्षा तक विद्यार्थी खंड में एक से अधिक विद्यालयों में दाखिले के लिए कर सकते हैं आवेदन। दस अप्रैल तक मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में करना होगा आवेदन। ज्यादा आवेदन आने पर 12 अप्रैल को ड्रॉ निकाला जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत सहायता एवं अनुदान (चिराग) योजना के तहत सहमति प्राप्त मान्यता प्राप्त प्राइवेट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शेड्यूल को अपडेट किया गया है। यह स्कीम चौथी से 12वीं कक्षा तक लागू होगी। इस स्कीम के तहत केवल यही छात्र पात्र होंगे, जिन्होंने गत शैक्षणिक वर्ष में अपनी शिक्षा सरकारी विद्यालयों से उत्तीर्ण की होगी। छात्र दाखिले के लिए केवल उसके वर्तमान खंड जिसमें वे पढ़ रहे हैं, उसी खंड के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में उपलब्ध सीटी पर दाखिले के लिए पात्र होंगे तथा व खंड में एक से अधिक विद्यालयों में भी दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। सभी सहमत मानयता प्राप्त निजी विद्यालयों की कक्षानुसार घोषित सीटों का विवरण विभागीय वेबसाइट पर दर्शाया जाएगा। सभी सहमत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय कक्षानुसार सीटों की जानकारी अपने विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करेंगे। विद्यार्थी दाखिले को लेकर दस अप्रैल तक मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में आवेदन कर सकते हैं। ज्यादा आवेदन आने पर 12 अप्रैल को ड्रॉ निकाला जाएगा।

जिले के 38 स्कूलों ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को अपने यहां चिराग योजना के तहत दाखिला देने पर सहमति जताई है। जिले के 38 स्कूलों में से अलेवा ब्लॉक के दो, जींद ब्लॉक के दस, जुलाना ब्लॉक के चार, नरवाना ब्लॉक के चार, पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के पांच, सफीदों ब्लॉक के सात व उचाना ब्लॉक के छह स्कूल शामिल हैं।

### एक लाख 80 हजार से कम होनी चाहिए आमदनी

प्राइवेट मानाता प्राप्त विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जिन छात्रों के अभिभावकों की आय एक लाख 80 हजार रुपये एवं इससे कम होगी, उन्हीं छात्रों को दाखिले के लिए पात्र माना जाएगा तथा वह आय परिवार पहचान पत्र की वार्षिक सत्यापित आय से मान्य होगी। जिस मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय को छात्र द्वारा आवेदन पत्र दिया जाएगा, वह विद्यालय अभिभावक को रसीद अवश्य देगा। छात्र का पिछले सरकारी विद्यालय से स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट आवेदन तिथि की पश्चात लिया जाना अनिवार्य होगा। दाखिले के लिए बच्चे की फैमिली आईडी का होना अनिवार्य है।

### सीटों से ज्यादा आवेदन मिलने पर होगा ड्रॉ

खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र हुड्डा ने बताया कि चिराग योजना के तहत दस अप्रैल तक इच्छुक विद्यार्थी दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। अगर सीटों से ज्यादा आवेदन आते हैं तो ड्रॉ निकाला जाएगा। जिस ब्लॉक में विद्यार्थी पढ़ रहा है, उसी ब्लॉक के निजी स्कूल में दाखिले के लिए छात्र आवेदन कर सकता है।

### 13 से 25 अप्रैल तक दाखिला की प्रक्रिया होगी संपन्न

सभी विद्यालय 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्त्रिया सम्पन्न करेंगे तथा लॉटरी ड्रॉ के बाद मुख्य सूची में सफल छात्रों द्वारा निर्धारित तिथि तक दाखिला नहीं लेने पर उनकी रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के छात्रों के दाखिले 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किए जाएंगे। इस दाखिला अवधि में जिला शिक्षा अधिकारी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संबंधित विद्यालयों में विभागीय मनोनीत सदस्य नियुक्त करेंगे। इसके लिए वह विद्यालय के नजदीक शिक्षा अधिकारी, सरकारी विद्यालय के किसी प्राचार्य, मुख्याध्यापक, पीजीटी अध्यापक में से किसी एक को नियुक्त कर सकते हैं। फीस प्रतिपूर्ति राशि के लिए वहीं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय पात्र होंगे, जिन्होंने फार्म छह में अपने विद्यालय की फीस राशि पोर्टल पर दर्शाई होगी। विद्यालयों द्वारा दाखिल होने वाले छात्रों का डेटा एमआईएस पोर्टल पर दाखिले की तिथि से दो दिन के अंदर अंदर ही अपडेट किया जाना अनिवार्य होगा।


कलायत। चिराग स्कीम की जानकारी देते खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंगला व डेस्क प्रभारी सलीम निर्मल। फोटो : हरिभूमि

## कलायत:पांच निजी स्कूलों में लागू रहेगी चिराग योजना

- मौलिक शिक्षा निदेशालय की ओर से निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंगला ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान (चिराग) स्कीम एक की बजाए पांच सहमति प्राप्त निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में लागू रहेगी।

जिन सभी पांच वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों का निर्धारण किया गया है उसमें शिक्षा भारती विद्या निकेतन स्कूल कलायत, डी.डी.वाई खरक पांडवा, दिल्ली स्कूल कलायत, शहीद भगत सिंह मटौर और सर छोटू राम स्कूल कुराड़ शामिल हैं। परिवार पहचान पत्र में 1 लाख 80 हजार या इससे कम आय वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थी स्कीम के तहत प्रवेश पा सकते हैं। मौलिक शिक्षा निदेशालय की तरफ से इस संबंध में जिला अधिकारी एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया है। इसमें प्रारूप आवेदन पत्र, गाइड लाइन व स्कूलों की सूची संलग्न है। चिराग स्कीम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए बीईओ कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इसकी जिम्मेवारी सलीम निर्मल को सौंपी गई है। वे सहयोगी कर्मियों की टीम के साथ नियमों के अनुरूप विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करवाएंगे। 2023-2024 में सरकारी स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थी ही आवेदन कर सकते हैं। तय सीटों की तुलना में ज्यादा आवेदन आने पर ड्रा प्रक्रिया के जरिये निजी स्कूलों में दाखिला मिलेगा। दिशा-निर्देशों के अनुसार योजना 4 से 12 वी कक्षा तक लागू रहेगी, वे ही विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं जिन्होंने 2023-2024 सत्र में सरकारी स्कूल से परीक्षा उत्तीर्ण की होगी, विद्यार्थी केवल अपने ही खंड के किसी एक ही स्कूल में आवेदन कर सकता है, सभी निर्धारित स्कूलों को अपनी सीटों का ब्यौरा कक्षा अनुसार वैबसाइट व नोटिस बोर्ड पर देना होगा।

### राजकीय आईटीआई राजौंद के विद्यार्थियों ने बनाया विंडो एसी




**राजौंद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण राजौंद एट बीर बागड़ा संस्थान में आरएसी ट्रेड के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने व्यवस्थाएं के अनुदेशक सुमित चहल के मार्गदर्शन में विंडो एयर कंडीशन का निर्माण कार्य सफलता पूर्वक पूरा किया। इस कार्य में कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी भागीदारी व अपने अभिनव का प्रयोग करते हुए अपनी कक्षा की कार्यशाला में विंडो एसी का निर्माण किया। औद्योगिक संस्थान के इंचार्ज सतबीर सिंह ने विद्यार्थियों को कहा कि जीवन में और भी अच्छी उपलब्धियां हासिल करने के लिए आप इसी तरह मेहनत करें और अपने मुकाम पर पहुंचे। इस दौरान स्टाफ सदस्यों में दर्शन सिंह विकास शर्मा सुखबीर सिंह रमेश कुमार अमित कुमार कुलदीप सिंह मोहित मित्तल राजकुमार कहीं स्टाफ सुरेश स्टाफ सदस्य हैं।

## जेजेपी और आप का प्रदेश में वजूद नहीं : अभय चौटाला

- आज प्रदेश में कानून व्यवस्था का जनाजा निकला : रामपाल माजरा
- जाट धर्मशाला में आयोजित हुई इनेलो कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। बैठक के दौरान मंच पर मौजूद इनेलो राष्ट्रीयध्यक्ष अभय चौटाला व रामपाल माजरा। फोटो : हरिभूमि

जाट धर्मशाला में बुधवार को इनेलो कार्यकर्तों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर इनेलो राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष पूर्व मंत्री रामपाल माजरा ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता इनेलो जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक रामफल कुंडू ने की। इनेलो राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इनेलो पार्टी दस की दस लोकसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी और प्रदेश के परिणाम चौंकाने वाले होंगे। आज प्रदेश में विपक्षी पार्टियों में केवल मात्र इनेलो ही एक ऐसी पार्टी है जो मजबूती के साथ सरकार के सामने डट कर खड़ी है। जेजेपी और आम आदमी पार्टी का प्रदेश में कोई वजूद नही रहा है। कांग्रेस पार्टी अंदरखाने भारतीय जनता पार्टी से सांठ-गांठ किए हुए है। जिसके कारण आज तक न पार्टी ने संगठन बनाया है और ना ही लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा की जा रही है। जो इस बात का प्रमाण है कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा भारतीय जनता पार्टी के साथ मिला हुए हैं। क्योंकि उन्हें जेल दिखाई दे रही है। प्रदेश में सामाजिक ताना-बाना व भाईचारे को तार-तार करने का असफल प्रयास करने वाले राजकुमार सैनी को भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस मुख्यालय तक लेकर गए। ऐक ऐसा व्यक्ति जिसके कारण अनेकों व्यक्तियों का अपनी जान गंवानी पड़ी थी, उसके साथ हाथ मिलाकर हुड्डा अनैतिक कार्य कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा यह कह कर कि मुझे किसानों से खतरा है जैड प्लस सुरक्षा लेना किसान और कमेरे वर्ग का अपमान है। किसान व कमेरा वर्ग दूसरों के दुख-सुख में काम आने वाला होता है और 140 करोड़ लोगों की भूख मिटाने का काम करता है वो अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है, जो यह सरकार उसे नहीं दे रही है तिहाड़ जेल की जिस बैरिक में कांग्रेस के षड़यंत्र के तहत ओमप्रकाश चौटाला गए थे और दिल्ली के मुख्यमंत्री से शिफ्टिंग की अपील की थी।

### श्री श्याम बाल वाटिका पब्लिक स्कूल में प्रवेश परीक्षा की महायात्रा



**नरवाना।** अविरल प्रगति के साथ श्री श्याम बाल वाटिका पब्लिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा का बुधवार को नतीजा घोषित हुआ। प्रथम दिन 60 बच्चों ने इसमें भाग लिया जिसमें से 30 से 35 बच्चों ने पास किया। दूसरे दिन भी 50 से 55 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से 46 बच्चों ने पास किया। इस अत्यंत सफलता के मौके पर स्कूल के महानिर्देशक कृष्ण अरोड़ा ने प्रथम दिन टॉप-टेन में आने वाले विद्यार्थियों को उनकी फीस में भारी छूट दी साथ ही सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होनें कहा कि इस सफलता के साथ आसमान की बुलंदियों को छूने की दिशा में एक नई कड़ी शुरू हो रही है।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुहला के बच्चों ने निकली रैली



**गुहला-चीका।** गुहला चीका राइट टू एजुकेशन एक्ट के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुहला के बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करवाने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों व अध्यापकों ने गांव गुहला की गली गली में जाकर ग्रामीणों को जागरुक किया। अध्यापक लफ्टैन सिंह ने ग्रामीणों को रैली के माध्यम से जागरूक करते हुए कहा कि वे प्राइवेट स्कूलों की लूट-खसूट से बचें और अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिल करवाए ताकि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बन सके। सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर सभी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं। बच्चों को फ्री में वर्दियां दी जाती हैं, वहीं मिड डे मील के माध्यम से बच्चों को दोपहर का खाना भी दिया जाता है।



### साफ्टबॉल में आरकेएसडी की टीम अव्वल

**कैथल।** हाल ही में 24 से 26 मार्च तक आरकेएसडी कालेज की टीम ने इंटर कालेज महिला सोफ्टबाल प्रतियोगिता में भाग लिया जो डी जी एच ई के द्वारा राजकीय कालेज कालका मे करवाई गई। इसमें आरकेएसडी कालेज ने ओवरआल रजत पदक जीता। टीम के संयोजन में विभागाध्यक्ष डा.गुरदीप भोला व प्रो उर्मिल बतान ने अहम भूमिका निभाई और विजेता टीमों को बधाई देकर सम्मानित किया। इस जीत पर कॉलेज मैनेजमेंट के प्रधान साकेत मंगल एडवोकेट, सुनील चौधरी, पंकज बंसल, प्रिंसिपल संजय गोयल, प्रो. दीपक कंडोला व देव कुमार ने भी इस जीत पर बधाई दी।

## मार्च में पुलिस ने 86 मामलों में 117 आरोपी किए गिरफ्तार

- 10 बेल जंपर तथा 25 पी.ओ. भी किए गए गिरफ्तार



- 22 लाख 77 हजार 300 रुपए मूल्य की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मार्च माह के दौरान पुलिस ने शराब व मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी आदि के 86 मामलों में 117 आरोपी गिरफ्तार किए गए है।

पुलिस प्रवक्ता प्रवीण श्योकंद ने जानकारी देते हुए बताया कि मार्च माह दौरान संपंती के 23 मामलों में 49 आरोपी काबू करके उनके कब्जे से 22 लाख 77 हजार 300 रुपए मूल्य की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद की गई है। इनमें चोरी के 6 मामले में 14 आरोपियों को काबू करके 262300 रुपए की संपत्ति, सेंधमारी के 6 मामलो में 17 आरोपियों को काबू करके 15 लाख 5 हजार रुपए की संपत्ति, लूट के 2 मामले में 3 आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 58 हजार रुपए की संपत्ति व वाहन चोरी के 9 मामलो में 15 आरोपियों को काबू करके 2 लाख 52 हजार रुपए मूल्य की जनसंपत्ती बरामद की गई।

### परवीन, रोहित व रामप्रसाद की टीम प्रथम



**अलेवा।** अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को हिंदी विभाग द्वारा प्रश्नोतरी पतियोगिता का आयोजन कराया गया। इसकी अध्यक्षता प्रो. सुमन खटक ने की। इसमें मुख्य तौर पर कार्यकारी प्राचार्या सुनीता दुग्गल ने हिस्सा लिया। प्रश्नोतरी परीक्षा प्रतियोगिता परवीन, रोहित व रामप्रसाद की टीम प्रथम स्थान पर रही। प्रश्नोतरी परीक्षा प्रतियोगिता में एक टीम छात्रो के अलावा तीन टीम छात्राओं समेत कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यकारी प्राचार्या ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को कालेज में होने वाली प्रत्येक गतिविधि में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा में निखार लाना चाहिए। ऐसे आयोजनों में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। प्रश्नोत्तरी परीक्षा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कार्यकारी प्राचार्या व हिंदी विभाग की संयोजक ने प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित कि या गया। इस मौके पर प्रो. सोनिया, मधुबाला व मीनू रानी समेत कालेज का अधिकतर स्टाफ मौजूद रहा।

## कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यशाला

- पद्मश्री अवार्डी महावीर गुड्डू ने वोट का महत्व समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों


सफीदों। कार्यक्रम में शपथ लेते अतिथिगण व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

नगर के राजकीय महाविद्यालय में एलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पद्मश्री अवार्डी महावीर गुड्डू ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. तनाशा हुड्डा ने की। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों व विद्यार्थियों ने अपने मत का सदुपयोग करेंगे करने की शपथ ली और अन्य लोगों को भी 25 मई को मतदान के लिए जागरूक करने का दृढ़ संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि पद्मश्री अवार्डी महावीर गुड्डू ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में समझाते हुए कहा कि वे 26 अप्रैल तक अपना वोट बनवा कर वोटर्स सूची में सम्मिलित होकर आम चुनाव में अपने मत का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आहुति डालने का काम करें। अपने संबोधन में प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने कहा कि यह कार्यकम समाज में जागरूकता बढ़ाने का एक साहसिक कदम है और इससे लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस मौके पर प्रोफेसर धर्मेंद्र, डा. प्रदीप शर्मा, डा. अंजु शर्मा, डा. जयविंद्र शास्त्री, डा. राजेश, डा. शंकर, 'योति कवल, मंजु देवी, मनिता, डा. रुचि भरद्वाज, मोनिका व विकास बंसल विशेष रूप से मौजूद थे।

**एडीजीपी की नशा मुक्ति टीम ने शिक्षण संस्थाओं का किया दौरा**

## छात्राओं की सुरक्षा-सम्मान सुनिश्चित करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। जागरूकता रैली को झंडी दिखाते अधिकारी और अन्य। फोटो : हरिभूमि

एडीजीपी हिसार मंडल के निर्देशन में उनकी नशा मुक्ति टीम ने पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार के मार्गदर्शन में शहर जुलाना के मुख्य शिक्षण संस्थाओं राजकीय महाविद्यालय व आईटीआई सहित अनेक शिक्षण संस्थाओं का दौरा कर छात्र.छात्राओं को उनके अधिकारों का कर्तव्यों बारे जागरूक किया।

जागरूकता अभियान में एडीजीपी कार्यालय के प्रवक्ता एवं यू एन ओ से सम्मानित सज्जन कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं के सम्मान व सुरक्षा हेतु बनाए गए कानून की जानकारी दी। उन्होंने समाज में बढ़ते ड्रग के प्रचलन व इस समस्या के उन्मूलन में युवाओं की भूमिका पर छात्र व छात्राओं को सविस्तार जानकारी दी। युवाओं से आह्वान किया कि वह टीम वर्क कर लोगों को नशे के खिलाफ एकजुट कर सकते है। उन्होंने बताया कि हमारे युवा ज्ञान के अभाव में गलतियां कर बैठे हैं व गलतियां बच्चों के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लगा देती है। युवावस्था में युवाओं द्वारा की जाने वाली गलतियां जैसे हिंसाए चरित्र निर्माण पर ध्यान दे देना लापरवाही से वाहन चलाना, ईव टीजिंग व इन गलतियों में कानूनी प्रावधानों भरे विस्तार जानकारी देकर युवाओं को जागरूकता किया। समाज में बढ़ते साइबर अपराध व उनसे बचने के उपाय के साथ-साथ युवाओं को सड़क सुरक्षा बारे भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर जींद पुलिस से पीआरओ अमित कुमार, जिला जींद की नशा मुक्ति टीम से उप निरीक्षक नरेश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अभियान के तहत गांव बुआना से दो नशा पीड़ितों की पहचान करके डोजियर फार्म भरे गए। पहचान किए गए लोगों में एक युवा को चुरा पोस्त की लत है व एक चरस का सेवन करता रहा है।

दोनों युवा अब इस लत से छुटकारा चाहते हैं व अपना इलाज करवाना चाहते हैं। टीम अब शहर के साथ लगते गांवो मे अभियान चला कर गांवों को ड्रग मुक्त करने की दिशा में काम करेगी।